*For office use only*

# Paper-4
# HINDI

*For office use only*

*Maximum time: 3 Hrs.* *Maximum mark: 50.*

*(To be filled by candidate)*

*Name of examination* ……………………………………………………

*Medium of examination* ……………………………………………………

*Invigilator's signature*

*Roll number*

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

## Important Instructions to Candidates

- Candidates must read the following instructions carefully.
- Violation of any instruction may result in penalties including deduction of marks, cancellation of the answer booklet, or disqualification from the examination.
- Write your **Roll Number** and other required details **only in the space provided** on the cover page of the booklet.
- **Do NOT write your name, school name, class, mobile number, or any identification mark** anywhere inside the answer booklet.
- The answers must be written **only in Hindi (unless specified)**, as authorised for this examination.
- Answers written in any other language will **not be evaluated**.
- Candidates must **write only within the printed margins** of each page.
- Any writing outside the margins **will not be evaluated**.
- Do NOT write:
    - Irrelevant matter
    - Religious verses
    - Personal requests
    - Threatening language
- Such content may lead to disciplinary action.

- Rough work should be done **only in the space provided** at the end of the booklet or provided paper.
- Do not detach or tear any pages.
- Any unused or blank pages must be **neatly crossed out.**
- Clearly mention:
    - Section (A or B)
    - Question Number
- Answers without proper numbering may not be considered.
- No extra sheets will be provided. Candidates must finish the answers within the booklet.
- Handwriting must be **clear and legible**.
- Overwriting, scribbling, and poor presentation will negatively affect marks.

*This page intentionally left blank*

## SECTION A (30 Marks)

*(Answer all 4 questions)*

***Q1.*** *गद्यांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:* ***(8 अंक)***
*"अनुशासन जीवन की सफलता की कुंजी है। प्रकृति का कण-कण अनुशासन में बँधा है। सूर्य समय पर उगता है और समय पर अस्त होता है। नदियाँ अपनी सीमाओं में बहती हैं। यदि प्रकृति अपना अनुशासन छोड़ दे, तो प्रलय आ सकती है। इसी प्रकार विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन का अत्यंत महत्त्व है। जो छात्र अपने गुरुओं और माता-पिता की आज्ञा का पालन करते हैं और अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखते हैं, वे ही भविष्य में राष्ट्र के निर्माण में सहयोग दे सकते हैं। अनुशासनहीनता मनुष्य को पतन की ओर ले जाती है।"*

*(i) जीवन की सफलता की कुंजी क्या है?* ***(3 अंक)***
*(ii) यदि प्रकृति अनुशासन त्याग दे तो क्या परिणाम होगा?* ***(3 अंक)***
*(iii) 'व्यवस्थित' का विलोम शब्द लिखिए।* ***(2 अंक)***

***Q2.*** *निम्नलिखित वाक्यों का शुद्ध अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए:* ***(5 अंक)***

*(a) हमें सदैव अपने बड़ों का सम्मान करना चाहिए।*
*(b) क्या तुमने अपना गृहकार्य पूरा कर लिया है?*
*(c) यदि वर्षा होगी, तो हम बाहर नहीं जाएँगे।*
*(d) भारत त्योहारों और संस्कृति का देश है।*
*(e) परिश्रम के बिना सफलता प्राप्त करना असंभव है।*

***Q3.*** *निबंध लिखिए: मेरा विद्यालय जीवन (लगभग 150-200 शब्द)* ***(10 अंक)***
*(संकेत: विद्यालय का वातावरण, व्यक्तित्व-विकास, सहपाठी, शिक्षक, अनुशासन, अनुभव, यादें)*

***Q4.*** *निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए* ***(7 अंक)***

*(a) महोत्सव*
*(b) रात्रिभोजन*
*(c) देवालय*
*(d) सुवर्ण*
*(e) दिनेश*

**SECTION B (20 Marks)**

*(Answer all 4 questions)*

***Q5.*** *निम्नलिखित शब्दों के समास- भेद लिखिए तथा समास का प्रकार बताइए **(4 अंक)***

*(a) हिमालय*
*(b) दुर्गापूजा*
*(c) राजपुरुष*
*(d) चतुरानन*
*(e) वनराज*

***Q6.*** *निम्नलिखित मुहावरे के अर्थ लिखिए तथा उनका प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइएः* ***(5 अंक)***

*(a) दोहरी मार*
*(b) पानी- पानी होना*
*(c) आसमान सिर पर उठाना*
*(d) काटो तो खून नहीं*
*(e) आँख का तारा*

***Q7.*** *निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त काल पहचानिए (भूत, वर्तमान, भविष्य)* ***(5 अंक)***

*(a) वह कल परीक्षा देगा।*
*(b) मैं प्रतिदिन प्रार्थना करता हूँ।*
*(c) वे लोग गाँव जा चुके हैं।*
*(d) हमने उसे कई बार समझाया।*
*(e) तुम्हें नियमों का पालन करना होगा।*

***Q8.*** *निम्नलिखित वाक्यों को कर्मवाच्य में बदलिएः* ***(6 अंक)***

*(a) विद्यार्थी पुस्तक पढ़ते हैं।*
*(b) शिक्षक ने कार्य समझाया।*
*(c) वे घर सजाएँगे।*
*(d) राम पत्र लिख रहा है।*
*(e) किसी ने दरवाज़ा खटखटाया।*

*FOR ROUGH WORK*

*Do not write on this page. Please keep it neat and unsoiled*

| | Mark<br>(Examiner -1) | Mark<br>(Examiner-2) |
|---|---|---|
| SECTION – A | | |
| SECTION – B | | |
| Total | | |